फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ, जिला जयपुर ग्रामीण

रामगोपाल वगै0 बनाम जगदीश वगै0

I नं0 :–102/2023

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
02.05.2024	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। अप्रार्थीगण अनु0। अप्रार्थीगणों को बार–बार आवाज लगवाई गई तथा इन्तजार किया गया। लेकिन उपस्थित नही। अतः अप्रार्थी संख्या 1 व 2 के विरूद्व एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। तहसीलदार ने अपने पत्रांक/एल.आर./24/1431 दिनांक 30.04.24 द्वारा रिपोर्ट पेश की। जिसे शामिल मिसल किया गया। वकील प्रार्थी की एक तरफा बहस सुनी गई तथा पत्रावली में उपलब्ध प्रार्थीगण को प्रार्थना पत्र, तहसीलदार रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजात का अवलोकन किया गया तथा वकील प्रार्थीगण की बहस का मनन किया गया। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में अंकित बिन्दुओ को दौहराते हुए बिन्दु सं0 1 में वर्णित भूमि ग्राम दन्ताला मीणा, पटवार हल्का बिलोद, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 752 रकबा 0.09है0, खसरा नम्बर 753 रकबा 0.05है0, खसरा नम्बर 816 रकबा 0.07है0, खसरा नम्बर 845 रकबा 0.09है0, खसरा नम्बर 851 रकबा 0.08है0 की चारो तरफ (चारों दिशाओं) की मुकमिल पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया। अतः पत्रावली का अवलोकन करने व बहस का मनन करने पर प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधि0 को स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार आंधी को आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण की ग्राम दन्ताला मीणा, पटवार हल्का बिलोद, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 752 रकबा 0.09है0, खसरा नम्बर 753 रकबा 0.05है0, खसरा नम्बर 816 रकबा 0.07है0, खसरा नम्बर 845 रकबा 0.09है0, खसरा नम्बर 851 रकबा 0.08है0में यदि मौके पर फसल न हो एवं कोई स्थगन आदेश न हो तो प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगणों की मौजूदगी में पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट भिजवावें। पत्थरगढी की आड में बेदखली की कार्यवाही नही की जावें। अगर किसी पडौसी खातेदार द्वारा आपत्ति करते है तो उन्हे सुनवाई का उचित अवसर प्रदान कर पत्थरगढी की कार्यवाही की जावें। निर्णय की प्रति तहसीलदार को भिजवाई जावें। निर्णय आज खुले न्यायालय मे सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद पूर्ति दाखिल दफ्तर हों। उप खण्ड अधिकारी जमवारामगढ़ (ललित मीणा) उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ़	